तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार,4 अप्रैल 2024

14 मौलिक शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का किया निरीक्षण



14 डीएवी पब्लिक स्कूल में नए शिक्षा सत्र का आगाज



## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सप्लायर को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने अवैध असला सप्लायर यूपी निवासी आरोपी को सनौली खुर्द बस अड्डा से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान महराब निवासी गांव जहानपुर शामली यूपी के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी महराब ने कट्टा पांच गांव गढ़ी बेसिक निवासी अफसरून पुत्र इरफान को बेचा था। आरोपियों पर थाना सनौली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### पर्स चोरी करने वाला बस अड्डा के पास काबू

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने चुलकाना धाम मेले में पर्स चोरी करने वाले आरोपी को सिवाह बस अड्डा के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विकास उर्फ विक्की पुत्र ऋषिपाल निवासी गांव गढ़ सरनाई जिला पानीपत के रूप में हुई।

### किशोरी से दुर्व्यवहार करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज किशोरी से दुर्व्यवहार के मामले में पुलिस ने आरोपी हर्ष को गिरफ्तार किया है। किशोरी के पिता ने 20 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 मार्च 2024 को आरोपी हर्ष ने उसकी नाबालिग पुत्री से दुर्व्यवहार करने का अपराधिक कार्य किया है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना महेशनगर में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी हेमंत को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने 12 अगस्त 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 जुलाई 2019 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं। इस शिकायत पर मामला दर्ज था।

# सरस्वती तीर्थ पिहोवा पर विश्व प्रसिद्ध चैत्र चौदस मेला छह से

## मेले पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

■ मेले में लाखों कि संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने बताया कि सरस्वती तीर्थ पिहोवा पर विश्व प्रसिद्ध चैत्र चौदस मेले का आयोजन होने जा रहा है। आगामी 6 अप्रैल से 8 अप्रैल तक होने वाले इस तीन दिवसीय मेले में लाखों कि संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मेले के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पुख्ता तैयारियां कर ली है। वहीं मेले के संबंध में बैठक में प्रशासन ने मेले को सफलतापूर्वक बनाने के प्रशासनिक अधिकारी व धार्मिक संस्थाएं के सुझाव लिए गए थे। एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि सरस्वती तीर्थ पर साफ सफाई, मरम्मत, पेंट, लाइटिंग, घाट में स्वच्छ जल की व्यवस्था का कार्य शुरू किया गया है। यहां तक कि लाइटिंग ,पार्किंग, मरम्मत और झूलों का टेंडर प्रक्रिया का कार्य पूरा कर लिया गया है।



पिहोवा। सैंपल लेते स्वास्थ्य विभाग के कर्मी।

### मेला क्षेत्र में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाएगा

वहीं मुख्य तीर्थ के अलावा महिला घाट पर साफ सफाई और बिजली व पानी के व्यवस्था कि जा चुकी हैं। श्रद्धालु गति, पिंडदान व तर्पण के लिए तीर्थ पर पहुंचते हैं, इसलिए तीर्थ पुरोहितों और श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन द्वारा पुरी व्यवस्था बनाई गई है। एकादशी की पूर्व संध्या पर विशेषकर हिमाचल प्रदेश से श्रद्धालु जुटना शुरू हो जाएंगे। पंजाब, यूपी, दिल्ली सहित देशभर से श्रद्धालु अपने पितरों की सद्गति के लिए सरस्वती तीर्थ पहुंचेंगे। ऐसे में अब तक सरस्वती तीर्थ की पुख्यत तैयारियां पूरी कर ली गई है। चैत्र चौदस मेले पर पहुंचने पर श्रद्धालुओं को किसी तरह की किसी भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मेला क्षेत्र में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न स्थानों से लिए सैंपल

स्वास्थ्य केंद्र पिहोवा की डॉ नमिता गुप्ता ने बताया कि पिहोवा में 6 से 8 अप्रैल 2024 तक चैत्र चौदस मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे लाखों की संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। इस मेले को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉक्टर नमिता गुप्ता ने चिकित्सा अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक ली। इस बैठक में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेश दिए गए है की आने वाले लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए शहर में एंटी लार्वा व एंटी फ्लाई गतिविधियां शुरू की जाए। मक्खी मच्छर से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए दुकानों रेहड़ियों आदि पर साफ सफाई रखने के निर्देश दिए जाए, खाद पदार्थ ढक कर रखे व कटे फटे फल न बेचे जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए पानी के नमूनों का ओटी व बीटी टेस्ट किया जाए। इस कड़ी में स्वास्थ्य विभाग ने पब्लिक हेल्थ से मिलकर 9 पानी के नमूने बीटी टेस्ट के लिए एलएनजेपी अस्पताल भेजे गए व 15 ओटी टेस्ट किए जो कि पॉजिटिव पाए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर में एंटी लार्वा/एंटी फ्लाई कार्य किया व पानी के नमूनों की जांच की। अतिरिक्त डॉक्टर शिवनित, डॉक्टर भावेश, राजेश, महेश कुमार, मंजीत सिंह, गुरप्रीत ने हिस्सा लिया। एंटी लार्वा व एंटी फ्लाई गतिविधियों में मंजीत के नेतृत्व में विजय, मनदीप, कुलदीप सिंह, तेजवीर गोरिया और प्रदीप कुमार ने कार्य किया।

# अंबाला में सीआईए स्टाफ ने नशे की बड़ी खेप पकड़ी

## 2.600 ग्राम अफीम के साथ उत्तरप्रदेश का युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेने की कर रही तैयारी

सीआईए स्टाफ ने नशे की बड़ी खेप जब्त की है। पुलिस ने आरोपी राज ठाकुर को अफीम के साथ काबू किया है। वह मूलरूप से यूपी के जिला बदायूं का रहने वाला है। तलाशी लेने पर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 किलो 600 ग्राम अफीम बरामद की है। अब उसे रिमांड पर लेने की तैयारी हो रही है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर हरजिंदर सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगी हुई है। पता लगाया जा रहा है कि आरोपी नशे की इतनी बड़ी खेप किस मकसद से लेकर आया था। पुलिस को सूचना मिली ाी कि उत्तर प्रदेश के गांव नशीरपुर थानू जिला बदायूं का राज ठाकुर अफीम की बड़ी खेप लेकर अंबाला आ रहा है। इसी वजह से पुलिस ने अंबाला-यमुनानगर हाइवे पर खुड्डा- दुखेड़ी टी प्वाइंट के पास नाकाबंदी कर आरोपी राज ठाकुर को काबू कर लिया।यहां ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष तलाशी लेने पर बैग से 2 किलो 600 ग्राम अफीम बरामद हुई। महेश नगर थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।



■ आरोपी नशे की इतनी बड़ी खेप किस मकसद से लेकर आया इसका पता रिमांड पर लेकर करेगी पुलिस

नशे की खेप के साथ पकड़ा गया आरोपी राज ठाकुर।

### अफीम के पौधे उगाने का आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ अफीम के पौधे उगाने के आरोपी धर्म सिंह पुत्र नत्था सिंह वासी बोधनी पेहवा जिला कुरुक्षेत्र को काबू करके उसके कब्जे से 11.5 किलोग्राम वजनी अफीम के पौधे बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस टीम बोधनी धर्म सिंह के डेरा में पहुंची जहां पर लहसुन की क्यारियों में काफी संख्या में अफीम के पौधे खड़े पाए गए। आरोपी को अदालत में पेश किया गया व अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया गया।

# जेई की गिरफ्तारी को लेकर किया हाईवे जाम

## जिप के पूर्व वाइस चेयरमैन के साथ सरपंच व पूर्व सरपंच पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

■ सोशल मीडिया पर बिजली निगम के जेई ने की थी आपत्तिजनक पोस्ट, केस दर्ज होने के बाद आरोपी को काबू करने के लिए लगाया था जाम

बिजली निगम के जेई के खिलाफ नेशनल हाईवे जाम करना सरपंच व पूर्व सरपंच के साथ ब्लॉक समिति के चेयरमैन को महंगा पड़ गया। पुलिस ने अब हाईवे जाम करने पर शहजादपुर माजरा की सरपंच, पूर्व सरपंच, जिला परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। असल में गांव घडौली के तरसेम गोदिया ने सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। गोदिया बिजली निगम में जेई के पद पर कार्यरत है। हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर भगवान परशुराम सेवा दल के महासचिव प्रवीण शर्मा ने शहजादपुर पुलिस थाने में इसकी शिकायत दी थी। इसके बाद सोमवार को हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने जाम लगाकर जेई को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की थी। पुलिस ने जेई के खिलाफ मामला दर्ज कर 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। 24 घंटे में आरोपी जेई की गिरफ्तारी न होने से खफा शहजादपुर माजरा की सरपंच नेहा, उसके पति अरुण और उनके पिता पूर्व सरपंच सतीश कुमार मंगलवार शाम 7 बजे को अपने साथी प्रवीण शर्मा व नरपत राणा समेत 40/50 लोगों को लेकर शहजादपुर बस स्टैंड के पास पहुंच गए। यहां इन लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी है। इसके बाद रात नेशनल हाईवे-72 (अंबाला-नाराणगढ़ मार्ग) को जाम कर दिया। रात करीब 11 बजे तक हाइवे जाम होने की वजह से यहां ट्रैफिक पूरी तरह से बाधित रही। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी जेई तरसेम गोदिया के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी की मांग की। उनका कहना था कि तरसेम गोदिया ने हमारे देवी-देवताओं के बारे में अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक तरसेम गोदिया को गिरफ्तार नहीं किया। पुलिस ने बुधवार शाम 6 बजे तक आरोपी को गिरफ्तार करने की बात कही थी। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तारी न होने पर बुधवार शाम को 6 बजे दोबारा से जाम लगाने की चेतावनी दी। लेकिन पुलिस ने इससे पहले ही प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### आचार संहिता का उल्लंघन का आरोप

पुलिस विशाल उर्फ मोना, जिला परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन रजनीश शर्मा उर्फ विशु, संजीव गुप्ता, विशाल शर्मा, राजेश उर्फ जस्सा, विक्की राणा, प्रवीण कुमार, राजीव गोयल उर्फ बोबी, श्याम, संजीव बिंदल, गौरव गुप्ता उर्फ राजू, नानू, संजीव गुप्ता, पंच राजेश गोयल, टोनी शर्मा को भी मामले में आरोपी बनाया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने हाईवे को जाम करके आमजन को बाधा पहुंचाई है। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 के संदर्भ में आचार संहिता का उल्लंघन किया है।

# दिल्ली पेरलल नहर से मिला जतिन का शव, छह दिन से लापता था

■ शरीर पर चोट के निशान मिले, परिजनों ने एक फाइनेंसर पर अपने साथियों संग मिलकर जतिन की हत्या कर शव को नहर में फेंके जाने का आरोप लगाया

पानीपत। पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र के ग्रीन पार्क स्थित अपने घर से छह दिन पहले लापता युवक जतिन का शव बुधवार को दिल्ली पेरलल नहर में बरामद हुआ। जतिन के शरीर पर कई जगह चोटों के निशान मिले है। शव मिलने की सूचना मिलने पर जतिन के परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और शिनाख्त की। वही जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने जतिन के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। इधर, जनित के परिजनों ने एक फाइनेंसर पर अपने साथियों संग मिलकर जतिन की हत्या कर शव को नहर में फेंके जाने का आरोप लगाया है। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि जतिन की दो साल पहले शादी हुई थी और उसके 11 माह की बेटी है। जतिन 29 मार्च की रात को घर से गया था। जाते हुए उसने कहा था कि वह फाइनेंस प्रिंस की कॉल आई है, उसने बुलाया है। इसलिए वह प्रिंस से मिलने जा रहा है। इसके बाद जतिन घर नहीं लौटा। यहां तक कि उससे फोन पर भी दोबारा संपर्क नहीं हुआ। परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। जतिन के भाई ने बताया कि जतिन को फाइनेंसरों के द्वारा काफी प्रेशर बनाया जा रहा था और प्रिंस भी फाइनेंस का काम करता है। 29 मार्च की शाम को प्रिंस का फोन आया। इसके बाद जतिन घर से चला गया और उसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजन उसे तलाश रहे थे। उसका कही कोई भेद नहीं लगा। इधर, पुलिस ने जतिन की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने मजदूर से छीने 22 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने अज्ञात दो युवकों पर किया केस दर्ज, फैक्ट्री से लौटने के दौरान वारदात को अंजाम दिया

फैक्टरी से लौट रहे मजदूर से दो बदमाशों ने 22 हजार रुपये छीन लिए। बदमाशों ने नशीला पदार्थ होने की बात कहकर मजदूर की तलाशी ली और जेब से रुपये निकालकर फरार हो गए। थाना शहर जगाधरी पुलिस ने अज्ञात दो युवकों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कल्याण नगर निवासी अजीम ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मूल रूप से बिहार के जिला अररिया के मझवां गांव का रहने वाला है। वह दुर्गा गार्डन स्थित फैक्ट्री में काम करता है। रोज की तरह वह रात को फैक्ट्री से छुट्टी कर घर लौट रहा था। रात करीब साढ़े आठ बजे जब वह कल्याण नगर में अंकुश मेटल के पास पहुंचा तो रास्ते में एक्टिवा पर खड़े दो अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया। आरोपी युवकों ने उसे धमकाते हुए पूछा कि वह नशा करता है। उसने आरोपियों को कहा कि वह नशा नहीं करता। इतना कहते ही बदमाशों ने उसकी जेबें खंगालनी शुरू कर दी। इस दौरान बदमाशों ने उसकी पेंट की बांई जेब में रखे 22 हजार रुपये निकाल लिया। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे धमकाया और एक्टिवा पर सवार होकर फरार हो गए। उसने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। मामले में जांच कर रहे जांच अधिकारी एएसआई सुरजीत सिंह का कहना है कि अज्ञात दो युवकों पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# ट्रक ने कार को टक्कर मारी महिला की मौत, पांच गंभीर

■ सवार लोग पूजन के लिए गांव पाथरी स्थित माता के मंदिर जा रहे थे

**पानीपत।** पानीपत के निकटवर्ती गांव सिवाह में स्थित रोडवेज बस स्टैंड के सामने एलिवेटिड हाइवे में मंगलवार की देर रात ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार महिला की मौत हो गई जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पानीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कार सवार लोग पूजन के लिए गांव पाथरी स्थित माता के मंदिर जा रहे थे। इधर, हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी शिकायत में पंकज जैन निवासी हुडा सेक्टर 11, रोहिणी, दिल्ली ने बताया कि तीन अप्रैल को वह अपने परिवार सहित अपने पिता साधु राम, मां शकुंतला, पत्नी सोनिया जैन और बेटे अतिष्य जैन, सिद्दम जैन, समकीत जैन के साथ माता पाथरी जाने के लिए अपनी कार से पानीपत पहुंचा था। रात करीब तीन बजे पानीपत में नए बस स्टैंड के सामने एलिवेटिड हाइवे पर पुल से उतरते समय बॉडी बंद ट्रक ने उनकी कार को पीछे से तेज गति से टक्कर मार दी। उस वक्त गाड़ी पिता साधु राम चला रहे थे। हादसे में सभी को गंभीर चोटे आई। एंबुलेंस की मदद से सभी को सिवाह स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहीं अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद डॉक्टरों ने सोनिया को मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर पुलिस की जांच में पता चला कि कार को टक्कर मारने वाला ट्रक नागालैंड का है। वहीं पुलिस ने ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद सोनिया का शव उसके पति पंकज जैन को सौंप दिया।

# नशे में धुत चालक ने पूर्व सैनिक की रेंज रोवर को मारी टक्कर

## एयर बैग खुलने से बाल बाल बचा परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ हादसा गांव सिरसगढ़ के पास हुआ

■ पुलिस ने लापरवाह कार सवार के खिलाफ केस दर्ज किया

पूर्व सैनिक की रेंज रोवर गाड़ी को तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर ने टक्कर मार दी। हादसे में रेंज रोवर के एयर बैग खुलने से पूरा परिवार बाल बाल बच गया। हादसा गांव सिरसगढ़ के पास हुआ। पुलिस ने लापरवाह कार सवार के खिलाफ केस दर्ज किया है। लापरवाह कार चालक नशे में धुत होने की बात कही जा रही है। यमुनानगर के हरिंदर सिंह ने बताया कि वह आर्मी से रिटायर्ड है। मंगलवार रात को वह अपनी चंडीगढ़ नंबर गाड़ी रेंज रोवर में सवार होकर अंबाला शहर जा रहा था। पूर्व सैनिक ने बताया कि उसके साथ परिवार के अन्य सदस्य भी थे। रात करीब साढ़े 8 बजे गांव सिरसगढ़ अंबेडकर भवन के सामने पहुंचा तो तेज रफ्तार स्विफ्ट गाड़ी आई और सीधी उसकी गाड़ी में टक्कर मारी। उसकी गाड़ी की ड्राइवर साइड में टक्कर लगने से उसकी गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ गई।

हादसे में रेंज रोवर गाड़ी का पिछला टायर फट गया। पूर्व सैनिक का आरोप है कि आरोपी कार चालक नशे में धुत था। उसकी पहचान गांव जफरपुर के रण सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## अभियान

### आठ बेसहारा गोवंशों को पकड़ कर पहुंचाया गोशाला

# नगर निगम ने ट्विन सिटी में चलाया बेसहारा गोवंशज पकड़ो अभियान

गोवंशजों का इस्तेमाल करने के बाद खुले में न छोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर प्रशासन द्वारा बुधवार को ट्विन सिटी में घूम रहे बेसहारा गोवंशजों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान निगम की टीम ने वार्ड नंबर 14 के पुराना हमीदा की विभिन्न कॉलोनियों से आठ गोवंशज पकड़कर गोशाला में पहुंचाए।

बुधवार को नगर निगम की टीम एसआई सुशील के नेतृत्व में जोन दो के वार्ड नंबर 14 के पुराना हमीदा में पहुंची। टीम ने पुराना हमीदा में विभिन्न स्थानों से आठ बेसहारा गोवंशजों को पकड़ा। निगम कर्मियों ने रस्सियों के माध्यम से घेरा डालकर गोवंशजों को पकड़कर निगम के वाहन में चढ़ाया।



यमुनानगर के पुराना हमीदा में बेसहारा गोवंशजों को पकड़कर वाहन में चढ़ाते निगम कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### अभियान जारी रहेगा

गोवंशजों को पकड़ने के बाद उन्हें गोशाला पहुंचाया गया। एसआई सुशील ने बताया कि निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। शहर में घूमने वाले सभी बेसहारा पशुओं को पकड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी शहरवासी गोवंशजों का इस्तेमाल करने के बाद उन्हें खुले में न छोड़े। यदि कोई भी व्यक्ति गोवंश को खुले में छोड़ता है तो उस पर 51 सौ रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने आमजन से शहरी क्षेत्र में कहीं भी कोई बेसहारा पशु दिखाई दे तो उसकी फोटो खींचकर पते या लोकेशन समेत निगम के व्हाट्सएप नंबर पर भेजे जाने की अपील की।

# खुद को भांजा बताकर महिला से ठगे 16.20 लाख

## साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात पर किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ ठगी ने पहले रुपये भेजने का फर्जी स्क्रीनशॉट महिला को भेजकर अपने विश्वास में लिया

साइबर ठग ने खुद को भांजा बताकर बीमार मां के इलाज के लिए सलेमपुर निवासी स्वर्ण कौर से 16 लाख 20 हजार रुपये ठग लिए। ठगी ने पहले रुपये भेजने का फर्जी स्क्रीनशॉट महिला को भेजकर अपने विश्वास में लिया। इसके बाद उससे साइबर ठगी की। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार साढ़ौरा क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी स्वर्ण कौर ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 21 फरवरी को उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने उसे कहा कि वह आपका भांजा लवी बोल रहा है। मेरी मां बीमार है। मैने आपके खाते में 24 लाख 35 हजार रुपये भेजे हैं। जिसका स्क्रीन शॉट मैने आपके नंबर पर भेज दिया है। उसने अपना व्हाट्सएप देखा तो उस पर 24 लाख 35 हजार रुपये जमा होने का स्क्रीन शॉट मैसेज था। जिस पर वह आरोपी की बातों में आ गई। आरोपी ने उसे पूरा विश्वास दिलाया कि उसने यह रुपये अपनी मां के इलाज के लिए भेजे हैं। अगले दिन फिर उसी नंबर से उसके पास आरोपी का फोन आया और कहा कि मेरी मां ज्यादा बीमार है। उसके इलाज के लिए आप डॉक्टर के खाते में रुपये भेज दो। आरोपी ने उसे एक खाता नंबर भेजा।

### इस तरह से की पैसे की उगाही

आरोपी पर विश्वास करके उसने अपने बैंक खाते से आरोपी द्वारा बताए इंडियन बैंक के खाते में तीन लाख 20 हजार रुपये जमा करा दिए। अगले दिन फिर उसी नंबर से आरोपी का फोन आया और कहा कि उसकी माता के उपचार के लिए और रुपयों की जरूरत है। आरोपी ने फिर उसे अलग अकाउंट नंबर देकर उसमें दो लाख रुपये डलवा लिए। इस तरह अलग अलग कर आरोपी ने उससे कुल 13 लाख 20 हजार रुपये विभिन्न बैंक खातों में अपनी मां के उपचार की बात कहकर डलवा लिए। इनमें से कुछ रुपये उसने अपनी बेटी सुखविंद्र कौर और कुछ रुपये अपने पति सूरत सिंह के बैंक खातों से भेजे। बाद में उसने जब अपने बैंक खाते की स्टेटमेंट निकलवाई तो उसके पास कोई रुपये आए हुए नहीं थे। आरोपी ने उसका फर्जी भांजा बनकर उसे रुपये भेजने का फर्जी स्क्रीनशॉट भेजा और उससे 13 लाख 20 हजार रुपये ठग लिए। इसकी शिकायत उसने पुलिस को दी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ साइबर ठगी का केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

## मतदान करना हर मतदाता के लिए है गर्व व गौरव की बात

# युवा वर्ग अपना वोटर कार्ड बनवाएं और लोकतंत्र के भागीदार बनें: कैप्टन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरु होने से पहले युवा वर्ग अपना वोटर कार्ड अवश्य बनवाएं। ताकि वह मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र के भागीदार बन सकें। क्योंकि चुनाव में मतदान करना प्रत्येक मतदाता के लिए गर्व व गौरव की बात है। उक्त शब्द जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए कहे। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि जो युवक व युवती एक जनवरी 2024 को 18 साल की आयु पार कर चुके हैं। उन्हें लोकसभा नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले अपना वोट बनवा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदान करना भी प्रत्येक मतदाता के लिए गर्व व गौरव की बात है। लोकसभा आम चुनावों में वोट बनवाने का नागरिकों के पास अब भी आखिरी मौका है। नागरिक 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवा सकते हैं और चुनाव का पर्व देश का गर्व में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव-2024 को चुनाव का पर्व देश का गर्व स्लोगन दिया है। जो कि बिल्कुल सही है। हर चुनाव में हर एक मतदाता को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मतदान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के तहत हरियाणा प्रदेश में 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नया वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए इस तिथि से पहले युवाओं को आवेदन करना होगा। जो युवा एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु के हो चुके हैं वे अपने नजदीक के पोलिंग स्टेशन से संबंधित बीएलओ से फार्म संख्या 6 लेकर ऑफलाईन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा सीईओ.ईसीआईहरियाणा.जीओवी.इन वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए एक और हेल्पलाइन एनवीपीएस पोर्टल है। इसके बारे में वोटर हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1950 से भी जानकारी ली जा सकती है।

### अधिक मतदान करवाने का रखा लक्ष्य

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि गत लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार अधिक मतदान होना चाहिए। इसके लिए प्रशासन पूरी तरह तैयारी में जुटा है। उन्होंने मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए मतदान की तारीख 25 मई निर्धारित है। इस दिन सुबह सात बजे पोलिंग शुरू हो जाएगी। इसलिए मतदाता यह प्रयास करें कि 25 मई की सुबह सबसे पहले अपना वोटर आईडी कार्ड लेकर बूथ पर वोट डालने के लिए जाएं। वोट डालने के लिए मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। इसलिए जिन युवकों या युवतियों का अभी तक मतदाता सूचि में नाम नहीं जुड़ा हैं वे अपना वोट बनवा सकते हैं। इस कार्य में अभिभावकों को भी आगे आकर अपने बालिग बच्चों का वोट बनवाना चाहिए।


यमुनानगर। अपने कार्यालय में युवाओं को वोटर कार्ड बनवाए जाने के लिए प्रेरित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

# युवक को विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 3.80 लाख

- पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के विशाल नगर निवासी जसविंदर सिंह से उसके लड़के को विदेश भेजने के नाम पर तीन लाख 80 हजार रूपये हड़प लिए गए। आरोप गंगानगर कॉलोनी निवासी डॉक्टर अमर सिंह पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विशाल नगर निवासी जसविंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का विकास चौहान पढ़ाई करने के बाद रोजगार की तलाश में था। इस दौरान उसके परिचित ने उसे बताया कि गंगानगर कॉलोनी निवासी डॉक्टर अमर सिंह युवाओं को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसके लड़के को भी विदेश भेज देगा। इस दौरान 20 जून 2023 को उसके परिचित ने उसे डॉक्टर अमर सिंह से मिलवाया। आरोपी ने उसके लड़के को अजर विजान भेजने का आश्वासन दिया। इसके लिए आरोपी ने उसे तीन लाख 80 हजार रूपये का खर्च आने की बात कही। उसने आरोपी पर विश्वास करके उसे पैसे और जरूरी दस्तावेज दे दिए मगर इसके बाद आरोपी कहने लगा कि वह उसके लड़के को हांगकांग भेजेगा। जसविंदर सिंह ने बताया कि आरोपी ने उसके लड़के को थाईलैंड भेज दिया। जहां पर उसे एक व्यक्ति मिला। वह उसे अपने साथ होटल में ले गया। जहां का खर्च भी उसके लड़के को खुद करना पड़ा। इसके बाद आरोपी डॉ. अमर सिंह ने उसके लड़के को फुकेट उसके बाद बैंकॉक भेजो। मगर उसके लड़के को वहां पर कोई काम नहीं मिला। परेशान होकर उसका लड़का वापस भारत आ गया। जब उसने आरोपी को इस बारे बात की तो आरोपी तैश में आ गया और उन्हें गालियां देने लगा। जब उन्होंने आरोपी से पैसे वापस मांगे तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी डॉ. अमर सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


यमुनानगर। गांव सांगीपुर स्थित ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सेमिनार में विद्यार्थियों को करियर बनाने के बारे में प्रेरित करते मुख्य वक्ता। फोटो: हरिभूमि

## रूचि एवं योग्यता के आधार पर जीवन में लक्ष्य का करें चयन: गर्ग

- ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में करियर काउंसलिंग पर आयोजित हुआ सेमिनार
- मुख्य वक्ता के रूप में करियर काउंसलर आदि गर्ग ने लिया भाग

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में करियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें चंडीगढ़ से आए आदि गर्ग ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेकर विद्यार्थियों व अभिभावकों को करियर अवसर के बारे में विस्तार से बताया। स्कूल की प्रधानाचार्या रितु सिंगला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। स्कूल प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य वक्ता का स्वागत किया। मुख्य वक्ता एवं करियर काउंसलर तथा मोटिवेशनल स्पीकर आदि गर्ग ने कहा कि सबसे पहले तो हर बच्चे को रूचि एवं योग्यता के आधार पर जीवन के लक्ष्य का चयन करना चाहिए। उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उस रास्ते का पता होना चाहिए। जो हमें उस लक्ष्य तक लेकर जाता है। हर प्रकार की जानकारी हमें उसके बारे में हासिल कर लेनी चाहिए। उन्होंने बच्चों व अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रतिदिन हमें अपनी दिनचर्या से हटकर भी कुछ रचनात्मक कार्य करने चाहिएं। जिससे न केवल हमारे मस्तिष्क का विकास हो सके। बल्कि हमारे लिए नए अवसर भी उपलब्ध हो सकें। उन्होंने हर विषय से संबंधित अवसरों, परीक्षा व संस्थानों के बारे में बहुत विस्तार से सभी उपस्थित जन को अवगत कराया। स्कूल प्रबंधक समिति ने वक्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# अधिक लाभ कमाने का लालच देकर सेवानिवृत्त पीएमओ से ठगे 18.50 लाख

- साइबर ठगों ने खुद को पेनथन वेंचर्स प्रेस्टीज फाइनेंस कंपनी का प्रतिनिधि बताकर की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

साइबर ठगों ने खुद को पेनथन वेंचर्स प्रेस्टीज फाइनेंस कंपनी का प्रतिनिधि बताकर सेवानिवृत्त पीएमओ डॉ. सुनील कुमार से साढ़े 18 लाख रुपये ठग लिए गए। बाद में उन्हें रिफंड करने के नाम पर सर्विस फीस व इनकम टैक्स जमा कराने के बारे में कहा गया। जिसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ। ग्रीन पार्क निवासी डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि वह सिविल अस्पताल से पीएमओ पद से सेवानिवृत्त है। जनवरी 2023 में उनके पास पेनथन वेंचर्स प्रेस्टीज फाइनेंस कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में दिया वर्मा व अमित का व्हाट्सएप पर संदेश आया। संदेश में बताया गया कि उनकी कंपनी इंडिया, सिंगापुर व जापान में किसी एक में हेडक्वार्टर बनाएगी। जहां पर इन्वेस्टमेंट अधिक होगी। वहीं पर हेडक्वार्टर बनाया जाएगा। इस तरह से आरोपियों ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया और आश्वस्त किया कि इंवेस्टमेंट पर बेहतर रिटर्न मिलेगा। आरोपियों की बातों में आकर उसने कंपनी में 18 लाख 50 हजार रुपये जमा करा दिए। इसके बाद उसके पास सहायक दिया वर्मा का संदेश आया कि अब तक जो भी लाभ हुआ है। उसकी 30 प्रतिशत सर्विस फीस जमा करानी होगी। जिसके बाद वह राशि निकाल सकेंगे। जिस पर उनसे कहा कि वह इनकम टैक्स व सर्विस फीस काटकर उनका रिफंड कर देंगे। लेकिन उन्हें कोई रिफंड नहीं किया गया। जबकि उन्हें इस तरह की शर्त पॉलिसी में होने की भी जानकारी नहीं दी गई थी। जब उनसे निवेश राशि वापस करने के बारे में कहा तो उन्होंने मना कर दिया। जिस पर उसे खुद के साथ ठगी होने का अहसास हुआ।

### जांच की जा रही

मामले की जांच कर रहे साइबर क्राइम थाना के प्रभारी निरीक्षक बलवंत सिंह का कहना है कि डॉ. सुनील की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# हवन यज्ञ करने से वातावरण होता है शुद्ध: लता

- स्टार-वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी (यमुनानगर) में हवन यज्ञ का आयोजन कर किया नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ
- हवन-यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर विद्यार्थियों के लिए की नए शिक्षा सत्र में की शानदार सफलता की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। स्टार-वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर हवन-यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर सफलता की कामना करते हुए विद्यार्थी व स्टॉफ सदस्य।

स्टार-वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी(यमुनानगर) में बुधवार को नए हवन-यज्ञ का आयोजन कर शिक्षा सत्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों ने हवन-यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर नए शिक्षा सत्र में शानदार सफलता की कामना की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल प्रबंधक कमेटी की चेयरमैन स्नेह लता ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्य दीप माला कंबोज ने की। हवन यज्ञ का शुभारंभ गायत्री मंत्र से किया गया। हवन यज्ञ के बाद प्रसाद वितरण किया गया। मुख्यातिथि एवं स्कूल प्रबंधक कमेटी की चेयरमैन स्नेह लता ने कहा कि नए सत्र के शुभारंभ पर सबसे पहले विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की गई। इसके बाद हवन यज्ञ किया गया। क्योंकि हवन यज्ञ करने से जहां वातावरण शुद्ध होता है, वहीं, भारतीय संस्कृति में यज्ञ का बहुत बड़ा महत्व भी है। भारतीय संस्कृति में कोई भी शुभ कार्य का आरंभ करने से पूर्व हवन करवाने से कार्य सफल होता है और इसे शुभ माना जाता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही किसी भी कार्य को आरम्भ करने से पूर्व हवन यज्ञ करने की प्रथा रही है। इसी महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने सभी विद्यार्थियों की नए शिक्षा सत्र में सफलता व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने विद्यार्थियों को नए शिक्षा सत्र में मेहनत और परिश्रम के अलावा अभ्यास पर अपना ध्यान केंद्रित करके सफलता को प्राप्त करें। क्योंकि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। विद्यार्थीगण अपनी सफलता के लिए सदा ही परिश्रम करते रहें तथा सफलता प्राप्त कर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाए। उन्होंने ईश्वर से सभी विद्यार्थियों के मंगलमय भविष्य की कामना की। यज्ञशाला में सभी विद्यार्थियों को नए सत्र मे प्रवेश करने के लिए शुभकामनाएँ दी। मौके पर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान विशिष्ठ अतिथि एवं वरिष्ठ समाजसेवी जोगिंद्र सिंह कांबोज ने नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर सभी बच्चों के लिए सफलता की मंगलकामना की।

# भव्य ने भाषण प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

- बुधवार को छात्रा भव्य के गुरु नानक खालसा कॉलेज में पहुंचने पर प्राचार्य व स्टॉफ सदस्यों ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में छात्रा भव्या का स्वागत करते हुए प्राचार्य व अन्य स्टॉफ सदस्य।

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की वाणिज्य विभाग की प्रथम वर्ष की छात्रा भव्या ने जगाधरी के हिंदु गर्ल्स कॉलेज में आयोजित राष्ट्रस्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बुधवार को भव्या के कॉलेज में पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग व स्टॉफ सदस्यों ने छात्रा का जोरदार स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने बताया कि जगाधरी के हिंदू गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रस्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें भव्या ने सबसे श्रेष्ठ भाषण देकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उन्होंने भव्या की उपलब्धियों पर प्रसन्नता और प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि वह गुरु नानक खालसा कॉलेज में प्रशिक्षित विद्यार्थियों की क्षमता का एक चमकदार उदाहरण है।

# बाबा लाल के दरबार से भर लो झोलियां... भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु

- श्रीलालद्वारा प्रबंधक कमेटी ने शहर के ग्रीन पार्क कॉलोनी में निकाली प्रभात फेरी
- प्रभात फेरी का जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

श्रीलाल द्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा शहर में निकाली जा रही प्रभात फेरियों का बुधवार को ग्रीन पार्क कॉलोनी में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर सतगुरु बाबा लाल दयाल जी महाराज के मनमोहक स्वरूप का स्वागत किया। मौके पर भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

बुधवार तड़के 4 बजे प्रभात फेरी का शुभारंभ श्री हनुमान मंदिर से हुआ। पंडित रजनीश शास्त्री ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद डोल नगाड़ों के साथ प्रभात फेरी रवाना हुई। जिसमें सतगुरु बाबा लाल दयाल जी महाराज का मनमोहन स्वरूप आकर्षण का केंद्र बना हुआ था।


यमुनानगर। ग्रीन पार्क में निकाली गई प्रभात फेरी में बाबा लाल जी आकर्षक झांकी के दर्शन कर पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

आगे भजन गाती महिला संकीर्तन मंडली की सदस्य चल रही थीं और पीछे श्रद्धालु झूमते हुए प्रभात फेरी की शोभा को चार चांद लगा रहे थे। इस दौरान भजन मंडली की सदस्यों ने जागो जागो जगाने वाले आ गए, आपके घर द्वार पर बाबा लाल जी का दीदार करवाने वाले आ गए.. भजन को खूब सारहा गया। इसके अलावा बाबा लाल जी के दरबार से भर लो झोलियां, भर लो झोलियां व बाबा लाल जी के द्वारे को सोने सा बनाना है, सेवा में करो अर्पण जो कुछ भी चढ़ाना है.. भजनों पर श्रद्धालु अपने आप को रोक नहीं पाए और झूमने पर मजबूर हो गए। प्रभात फेरी का ग्रीन पार्क में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत किया।

### प्रभात फेरियों का पांच अप्रैल को होगा समापन

श्री लाल द्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता, वरिष्ठ उप प्रधान योगेश शर्मा व महासचिव सुरजीत मेहता ने बताया कि पर प्रभात फेरियां गत 22 मार्च से आरंभ हुई थी और यह पांच अप्रैल तक चलेंगी। इस अवसर पर राजीव अरोड़ा, सोनू मेहता, मोनू मेहता,संदीप दत्ता, गुलशन गुलाटी, दविंद्र मेहता, राजीव गांधी, अतुल लूथरा, चंद्र प्रकाश, बॉबी वासन, हिमांशु, तिलक राज गोंदी, सोम प्रकाश ओबेरॉय, प्रदीप चड्ढा, शिव कपूर व मिंटू आदि मौजूद रहे।

# अनाज मंडी आढ़तियों ने किया धरना प्रदर्शन

- हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के आहवान पर अनाज मंडी रादौर में आढ़ती कर रहे हैं धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर


यमुनानगर। रादौर में अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते मंडी के आढ़ती।

हरियाणा स्टेट अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के आह्वान पर अनाज मंडी के आढ़तियों की ओर से रादौर अनाज मंडी में किया जा रहा धरना प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा। अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान शिव कुमार संधाला ने बताया कि वह पिछले तीन दिन से अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। मगर उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिससे आढ़तियों में रोष है। उन्होंने सरकार से पूरा कमीश्न दिए जाने, किसानों की फसलों के भुगतान के मूल्य को किसान की सहमति के अनुसार सीधा किसान को दे या किसान की सहमति से आढ़ती के माध्यम से भुगतान किए जाने, हरियाणा प्रदेश की सीमांत मंडियों में सीमांत प्रदेश के किसानों की फसलों को भी सरकार द्वारा खरीदा जाने, सूरजमुखी, सरसों, बाजरा व अन्य फसलों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से किए जाने आदी की मांग की।

## शाही भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

# डेरा बंदा नवाज में धूमधाम से मनाया उर्स मुबारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। सैंकड़ो श्रद्धालु डेरा बंदा नवाज में आयोजित उर्स मुबारक में भाग लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

- डेरा बंदा नवाज में मानवता के प्रति समर्पित की शादी चादर
- उर्स मुबारक में कव्वालियों का भी हुआ आयोजन

सर्व धर्म डेरा बंदा नवाज शेखपुरा कदीम में 58वां मानवता, एकता व भाईचारे की मिशाल बन चुका उर्स मुबारक व शाही भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने चादर चढ़ाकर अपनी मन्नतें मांगी। मौके पर शाही भंडारे व शाही चादर समर्पित करने की रस्म अदा की गई। इसके बाद कव्वालियों का आयोजन किया गया। जिसमें सूफी कव्वालों ने समां बांध दिया। मुबारक उर्स के मौके पर सबसे पहले डेरा प्रमुख डीबीएन महाराज(बड़े सरकार) के सानिध्य में शादी चादर समर्पित कर परवर दीगार की बन्दगी की गई। जिसके उपरांत भव्य रोजा इफ्तार और शाही भंडारे का वितरण किया गया। मौके पर डेरा सेवक भूषण कालड़ा ने बताया की डेरा बंदा नवाज समस्त धर्मोर् की अस्था का केंद्र है। जहां पर आने वाले हर व्यक्ति की सोच जाति धर्म से ऊपर उठकर मानवता के प्रति समर्पित हो जाती है। वहीं शाही चादर में जोकि अमन शांति के झण्डे लहराते हुए सबसे आगे चल रहे थे और साथ ही इस आयोजन में देश भर के सैकडों सन्तो ने पहुंच कर अपनी अपनी हाजरीयां भरी। मौके पर गीता,सुखमणी साहिब, कुरान व बाईबल के पाठ आयोजित कर सभी के लिए सुख शांति एवं अमन की कामना की गई।

### सूफी कव्वालों ने बांधा समां

उर्स मुबारक में मशहूर सूफी कव्वाल श्रवण गाबा सहारनपुर ने अपनी कव्वालियों से समां बांध दिया। वहीं, मशहूर शायर जहाज देवबंदी, खुरशीद हैदर, रूज़ जैदी, कमाल जुनैद पुणा, महमूद असर सहारनपुरी, आदिल हुसैन शेखपुरी व साजिद इतस्ती आदि ने अपनी शायरी के अंदाज में मुशयरा में भाग लिया। इसके बाद ख्वाजा सैय्यद इतरत हुसैन (डीबीएन) महाराज द्वारा संयुक्त रूप से एकजुट होकर समूचें भारत के विकास एवं एकता व आपसी भाईचारे के लिऐ दुआ करवाई गई। मौके पर क्षतिज मेहता (छोटे सरकार),अजमेर से विशेष तौर से जनाब सैय्यद रिहान चिश्ती परिवार व सैय्यद फुल मोहम्मद (तारबड़ अजमेर) द्वारा उपस्थित सभी श्रद्धालुओ को अपना आर्शीवाद दिया। उर्स मुबारक में मुंबई से अभिनेता निर्भय कुमार, अभिनेत्री निहारिका बेदी, राजीव गुम्बर आदि मौजूद रहे।

# विकास और सच्ची सामाजिक न्याय की पक्षधर है बसपा: डॉ. निर्मल

- बसपा कार्यकर्ताओं की कैंप में आयोजित हुई बैठक
- बैठक में अंबाला लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के चयन के बारे में हुआ विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। कैंप स्थित कार्यालय में बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए विस नेता डॉ. निर्मल सिंह।

बहुजन समाज पार्टी देश भर में एक ऐसी पार्टी है जो विकास और सच्ची समाजिक न्याय की पक्षधर है। इसका उदहरण पार्टी सुप्रिमो बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में सत्ता का सफल संचालन करने से मिलता है। वहीं, देश भर में बसपा ही एक ऐसा राजनैतिक दल है जिसने इलेक्ट्रोरल बॉंड से एक रुपया तक नहीं लिया है। उक्त जानकारी बुधवार को कैंप में आयोजित बसपा के कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ एवं रादौर विस नेता डॉ. निर्मल सिंह ने दी। बसपा विस नेता डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि बैठक में अंबाला लोकसभा क्षेत्र के लिए पार्टी की ओर से प्रत्याशी के चयन के बारे में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया गया। जल्द ही पार्टी के प्रत्याशी की घोषणा पार्टी हाईकमान द्वारा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में लोग या तो भाजपा के तरफ़ हैं या फिर उसके विरोधी खेमे की तरफ हैं। मगर देश में बसपा इकलौती ऐसी पार्टी है जो अपने सिद्धांतो पर चलती है। बसपा ने इलेक्ट्रोरल बॉन्ड से एक रुपया नहीं लिया है। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि आज जहां सत्ता के लिए लोग अपने उसूलों से समझौता कर लेते हैं और देशहित को भुला बैठते हैं। मगर बसपा सुप्रिमो बहन मायावती ने इतने सालों सत्ता न मिलने के बाद भी बहुजन समाज के हितों से समझौता नहीं किया।

बसपा विस नेता डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि पार्टी सुप्रिमो बहन मायावती ने कभी भी पूंजीपतियों के हिसाब से अपनी पार्टी नहीं चलाई है। लेकिन अन्य राजनैतिक दलों के बारे में कोई इतने विश्वास के साथ नहीं कह सकता है।

उन्होंने दावा जताया कि बसपा का देश और प्रदेश में जनाधार बढ़ रहा है और आज नहीं तो कल बसपा एक बार फिर सत्ता में वापस आएगी और फिर से केवल विकास और सच्ची समाजिक न्याय की ब्यार बहेगी।

खबर संक्षेप

## विपक्ष की आवाज बन रही जजपा : जखवाला



कुरुक्षेत्र। जननायक जनता पार्टी के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला ने कहा कि जजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता मजबूत है और हर परिस्थिति में दुष्यंत चौटाला के कंधे से कंधा मिला कर खड़ा हैं। उन्होंने कहा कि जननायक जनता पार्टी ने सत्ता में रहते हुए ईमानदारी मेहनत और निष्ठा से जनता की सेवा की और विकास में भागीदारी निभाई। अब जेजेपी हरियाणा की जनता की आवाज बनकर विपक्ष की भूमिका अदा कर रही है। जखवाला ने बताया कि जननायक जनता पार्टी हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि जननायक जनता पार्टी को लेकर विपक्षी दलों की सोच पर उन्हें तरस आता है।

## कुरुक्षेत्र तीर्थ की अष्टकोसी परिक्रमा 7 को

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र तीर्थ की अष्टकोसी परिक्रमा 7 अप्रैल रविवार को सुबह 5 बजे आरंभ होगी। यह जानकारी देते हुए प्राचीन तीर्थ नाभी कमल मंदिर दरार्खेड़ा के महंत विशाल मणिदास ने बताया कि यह अष्टकोसी परिक्रमा (24 किलोमीटर) मंदिर से आरंभ होकर सायं 7 बजे इसी मंदिर में संपन्न होगी। नाभिकमल तीर्थ से शुरू होकर यह तीर्थ यात्रा सोम तीर्थ कार्तिकेय मंदिर (ओजस तीर्थ) बाहरी, स्थाण्वीश्वर महादेव मंदिर, ब्रह्मामंदिर, दधिची तीर्थ, कुबेर तीर्थ, परशुराम तीर्थ, खीर सागर, नंदी-भौजी तीर्थ, सरस्वती तीर्थ खेड़ी मारकंडा, जिला कारागार के पीछे स्थित वृद्ध कन्या तीर्थ, रंतुक यक्ष (ठाकुरद्वारा रत्नदक्ष पिपली), शिव मंदिर पलवल, औघड़ तीर्थ, बाण गंगा दयालपुर, अपगया तीर्थ (कर्ण का टिल्ला), भीषम कुंड नरकातारी तीर्थों पर जाएगी।

## सीजेएम ने वृद्ध आश्रम का किया निरीक्षण

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर वहां पर वृद्धों के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम का दौरा किया। वहां पर उन्होंने बुजुर्गों से बातचीत की और बुजुर्गों के कमरों का निरीक्षण किया और उनको दिए जाने वाले भोजन का भी जायजा लिया।

### रिषभराज ने 43वां व कार्तिक ने हासिल किया 99वां रैंक

# एनडीए आल इंडिया रैंकिंग में छाए गुरुकुल के छात्र

यूपीएससी द्वारा मंगलवार को जारी एनडीए की फाइनल मेरिट लिस्ट में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 10 छात्रों ने जगह बनाई



कुरुक्षेत्र। रिषभराज।



कुरुक्षेत्र। कार्तिक।

■ गुरुकुल के छात्र एनडीए सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे है उनकी इस उपलब्धि से पूरा गुरुकुल परिवार स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

यूपीएससी द्वारा मंगलवार को जारी एनडीए की फाइनल मेरिट लिस्ट में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 10 छात्रों ने जगह बनाई है, इनमें से दो छात्र रिषभराज और कार्तिक ने आल इंडिया रैंकिंग में पहले 100 कैंडिडेंट में स्थान हासिल किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर गुरुकुल में उत्साह का माहौल है। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने सभी सफल छात्रों को दूरभाष पर अच्छी रैंकिंग हासिल करने पर बधाई दी। वहीं प्रधान राजकुमार गर्ग, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, सूबेदार बलवान सिंह, इंस्ट्रक्टर एंड कोर्डिनेटर अशोक चौहान ने एनडीए ब्लॉक में मिष्ठान्न वितरित कर इस खुशी को सांझा किया। ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार ने बताया कि यूपीएससी द्वारा 3 सितम्बर 2023 को एनडीए व नेवल एकेडमी हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें देशभर के लाखों छात्रों ने भाग लिया। लिखित परीक्षा में लगभग 7 हजार अभ्यर्थी सफल हुए जिन्हें एसएसबी हेतु बुलाया गया। गुरुकुल के 10 छात्रों ने एसएसबी क्वालिफाई किया जिसका परिणाम जनवरी 2024 में घोषित किया गया। अब यूपीएससी द्वारा एसएसबी क्वालिफाइड कंडीडेट्स की फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की गई है जिसमें गुरुकुल के छात्र रिषभराज ने आल इंडिया में 43वां रैंक, कार्तिक ने 99वां रैंक हासिल किया है। इसके अतिरिक्त मुकुलजीत ने 126वां, गोल्डी ने 127वां, आर्यन कुमार ने 163वां, कुमार आदित्य ने 177वां, अभिनन्दन ने 247वां, दीपक तेवतिया ने 284वां, यश बुकर ने 366वां तथा दीपान्शु ने 422वां रैंक हासिल किया है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल के छात्र एनडीए सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं और हमारा यह प्रयास है कि सफलता का यह सिलसिला भविष्य में भी जारी रहे इसके लिए समस्त गुरुकुल परिवार पूरी ईमानदारी, निष्ठा और परिश्रम के साथ प्रयासरत है।

## जेईई मेन में जेनेसिस कुरुक्षेत्र का परिणाम रहा सराहनीय

*कुरुक्षेत्र। जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में जेनेसिस कुरुक्षेत्र से 9 विद्यार्थियों ने 99% और 8 विद्यार्थियों ने 95% से 98% तक परिणाम दिया। अमित सिंह ने मैथेमैटिक्स में 100% अंक लेकर जेनेसिस और अपना नाम चमकाया। सभी विद्यार्थियों को जेनेसिस के मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र अहलावत ने मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी और कहा कि बच्चों ने शिक्षा के साथ संस्कार भी अपने जीवन में उतारे क्योंकि जेनेसिस हमेशा अपने बच्चों को गीता का ज्ञान और शिक्षा साथ साथ करवाते है। जेनेसिस कुरुक्षेत्र के अकैडमिक हेड विपिन कुमार ने बताया कि लगातार बच्चों के सभी डाउट्स क्लियर होना और बिना किसी दबाव के हर टेस्ट में बच्चों को प्रोत्साहित करना आज इस हर्षोल्लास का मुख्य कारण है। सभी बच्चों ने अपने वक्तव्य में जेनेसिस के अध्यापकों और अपने परिजनों की सराहना की और कहा कि जेनेसिस में बिना तनाव के एक अच्छे माहौल में परीक्षा की तैयारी करवाई जाती है। सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार रवींद्र कौशिक और जेनेसिस में एडमिन ऑफिसर ने कहा कि खुशनुमा माहौल और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। इस मौके पर कुरुक्षेत्र ब्रांच हेड रोबिन सिंह के अलावा सभी अध्यापक एवं ब्रांच मैनेजर दुर्गेश पांडे व आदित्य शर्मा और अन्य सभी मौजूद रहे।*

# राजकीय प्राथमिक पाठशाला नरकातारी के 4 छात्रों का हुआ प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



राजकीय प्राथमिक पाठशाला नरकातारी में जवाहर नवोदय विद्यालय, निवारसी एवं सेवा भारती स्कूल, करनाल में दाखिला पाने वाले 4 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पांचवी कक्षा की शिक्षका अनुपम ने बताया कि स्कूल और अभिवावकों के आपसी सहयोग और समझ से पांचवी कक्षा के 4 बच्चों नवजोत और माही का नवोदय स्कूल निवारसी तथा लक्ष्य और खुशी का सेवा भारती स्कूल, करनाल के टेस्ट को पास कर लिया है। विदित है कि इन स्कूलों में दाखिला पाने के लिए हजारों की संख्यां में विद्यार्थी पेपर देते हैं। स्कूल शिक्षिका मोनिका शर्मा व पुष्पा रानी ने बताया कि ये स्कूल के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है कि एक छोटे से क्षेत्र में बने नरकातारी स्कूल ने सीमित संसाधनों में बढ़िया प्रदर्शन किया है। स्कूल इंचार्ज आशा रानी ने इस विशेष उपलब्धि के लिए कक्षा इंचार्ज अनुपम व तमाम अभिवावकों को बधाई दी। इस मौके पर बच्चों को मैडल पहनकर सम्मानित किया गया। इस मौके स्कूल स्टाफ सदस्य अनुपम, आशा, पुष्पा देवी व मोनिका शर्मा समेत सभी अभिवावक मौजूद रहे।

## फ्री बोन मिनरल डेंसिटी कैंप 5 अप्रैल को

कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में शुक्रवार पांच अप्रैल को बोन मिनरल डेंसिटी जाँच कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप अस्पताल के कमरा नं 6 में सुबह 9 बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा। चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. राजेंद्र सिंह ने बताया कि बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट (बीएनडी) हर महीने शुक्रवार को लगाया जा रहा है जिसका मकसद नागरिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। इसके साथ ही बीएनडी टेस्ट ऑस्टियोपोरोसिस जैसे हड्डी संबंधी रोग का पता लगाने के लिए किया जाता है। जो सुरक्षित, दर्द रहित और जल्दी होने वाला टेस्ट है।




कुरुक्षेत्र। गांव लोहार माजरा में मजदूरों से कामरेड ओमप्रकाश शास्त्री को वोट देने की अपील करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## एसयूसीआई ने की मतदान की अपील

कुरुक्षेत्र। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार कामरेड ओमप्रकाश शास्त्री के पक्ष में वोट डालने की लोगों से अपील की। जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने बताया कि गांव भोर सहिदा,गढ़ी सिंगा, लोहार माजरा, गढ़ी रोडान ,सारसा, डेरा वाजीगर आदि गांव शामिल हैं जिनमें वोट की अपील की गई। पार्टी ने हरियाणा में छः लोकसभा क्षेत्रों से अपने उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है जिनमें कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से कामरेड ओमप्रकाश शास्त्री को अपना उम्मीदवार बनाया है। उनके साथ श्याम लाल, जीताराम, विकी, विकास, संजू आदि ने सहयोग दिया।

# संजय सिंह की रिहाई से सरकार की साजिश बेनकाब: जवाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



दिल्ली शराब नीति से जुड़े घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के सांसद व नेता संजय सिंह की रिहाई पर आप नेताओं में खुशी का माहौल है। पार्टी लीगल सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर लाल गोयल ने न्यापालिका की प्रशंसा करते हुए उनका आभार जताया है। गोयल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के बीच न्यायपालिका से लोगों का भरोसा उठता जा रहा था, लेकिन संजय सिंह की रिहाई को लेकर सीजेआई के आदेश के बाद एक नई उम्मीद जगी है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की ईमानदारी और कर्मठता के बारे में पूरी दिल्ली जानती है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान जिस मेहनत व लगन से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया उसकी जितनी सराहना की जाए कम है। उन्होंने कहा कि संजय सिंह जैसे कर्तव्यनिष्ठ नेता की दिल्लीवासियों को जरूरत है, लेकिन मोदी सरकार को दिल्ली का हित बर्दाश्त नहीं हो रहा। जनता के लोकप्रिय बनते जा रहे आप के दिग्गज नेताओं को झूठे आरोपों में फंसा कर मोदी सरकार अपने डर को स्वयं उजागर कर रही है। गोयल ने कहा कि जबसे 'इंडिया' गठबंधन बना है, तब से प्रधानमंत्री बुरी तरह बौखलाए हुए हैं क्योंकि उन्हें अपनी हार साफ नजर आ रही है।

# एनआईटी में 'थाट लैब' की ओर से आत्म चिंतन पर हुआ सम्मेलन

■ बदलते इस दौर में अगर कोई बहाने बाजी की तो समय आप को बदल देगा : प्रो. गिरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नेशनल प्रोद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र के सीनेट हाल में 'थाट लैब' की ओर 'एक्सपर्ट टॉक' करवाई गई। इस दौरान ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय से जुड़े अन्तर्राष्ट्रीय वक्ता और मुंबई से पधारे प्रो. ई.वी. गिरीश मुख्यातिथि रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान प्रो. वी.पी सिंह, प्रो. दीक्षित गर्ग, बी.के. प्रियंका बहन, डॉ.अंशु पराशर, डॉ. थान सिंह व रेणु देवी ने मुख्यातिथि प्रो. ई.वी. गिरीश का अभिनंदन किया। प्रो. ई.वी. गिरीश ने अपने सम्बोधन में कहा कि आप जो भी कार्य करे, उसे रायल्टी से करें। जीवन में कुछ करना चाहते हो, तो ईमानदारी से करें। दिल लगा कर और ईमानदारी से पढ़ाई करें। अपने मन के मालिक बने, गुलाम नहीं। समय के अनुसार नहीं बदलेंगे, तो समय आपको बदल देगा। उन्होंने कहा कि समय बहुत तेजी से बदल रहा है, इसलिए जीवन में बहानेबाजी न करे। परिस्थितियां आएंगी ही, उनका हल हमें ढूंढना ही है। फोन को साइलेंट मोड पर मत करो, अपने मन को साइलेंट मोड पर कितनी देर तक रख सकते हो ! हम इतने कमजोर हो गए हैं कि अपनी ही जान गंवाने लगे हैं। ऐसा क्या हो गया है! प्रो. गिरीश ने बताया कि सचिन तेंदुलकर गलत निर्णय के बाद भी कोई शिकायत व गुस्सा नही करते थे। उनका कहना था कि मेरे लिये मेरा बल्ला बात करेगा। अब आप अपने आप से बात करे कि मेरे लिए कौन बात करेगा। इसलिए सदा सकारात्मक सोच रखे। मुख्यातिथि ने कहा कि हमारी एनआईटी और टीचर्ज बहुत अच्छे हैं। माता पिता सभी अच्छे हैं। इस प्रकार से आप भी बहुत अच्छे बन जाएंगे। कार्यवाहक निदेशक वी पी सिंह ने बताया कि बच्चों को एकाग्रता बढ़ानी है। मेडिटेशन द्वारा एकाग्रता को बढ़ाया जा सकता है। अपने अध्यापकों व दोस्तो के साथ बाते करते रहे। हर कार्य मन लगा कर करें और प्रत्येक गतिविधि में भाग लें।

### माइंड पावर का अधिक से अधिक प्रयोग करें

एनआईटी के प्रोफेसर दीक्षित गर्ग ने कहा कि माइंड पावर का अधिक से अधिक प्रयोग करें। भगवान ने हमें जो पावर दी है, उसका प्रयोग करे। थॉट लैब में जाकर मेडिटेशन करे और सकारात्मक विचार धारा रखें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए युवाओं को आगे बढ़ना है। नशे आदि जो भी बुरी आदतें हैं, उनसे दूर रह कर अपना सारा ध्यान पढ़ाई में लगाना है। थॉट लैब के कोऑर्डिनेटर डॉ थान सिंह ने आए हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बी.के अमित, डॉ अमिता, बी.के संत कुमार, पाहुल, रेणु मुंजाल व थॉट लैब के छात्र मौजूद रहे।

## सेक्टर-13 में गृहणियों ने किया योग



कुरुक्षेत्र। सेक्टर 13 में योग शिविर में प्राणायाम करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

थानेसर। सेक्टर-13 में महिलाओं ने एकजुट होकर योग शिविर का आयोजन किया। योग शिविर में योग टीचर सुनीता सॉन्गर ने बताया कि इस शिविर में गृहणियों को योग के टिप्स दिए गए ताकि महिलाओं को शारीरिक रूप से रोगों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस शिविर में महिलाओं को घुटनों से संबंधित एवं शरीर के जोड़ों में होने वाली बीमारियों से निजात पाने के लिए योग करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि महिलाएं घरों में ही योग कर सकें। इसके अलावा प्राणायाम के नियमित प्रशिक्षण से महिलाएं पेट से संबंधित विकारों को दूर कर सकती हैं। योग प्रशिक्षण ले रही कृष्णा रानी ने बताया कि योग से उन्हें भरपूर लाभ मिला है क्योंकि योग द्वारा हर बीमारी का इलाज किया जा सकता है। इतना ही नहीं प्राणायाम से सांस एवं पेट की अन्य बीमारियों से राहत मिली है। इस मौके पर अंजू शर्मा, मनजीत, कांता देवी, चरणजीत, गीता रानी, पूजा, मीनू, नीलम व कृष्णा चौधरी भी मौजूद रही।

## पुलिस व अर्धसैनिक बल ने किया फ्लैग मार्च

कुरुक्षेत्र। लोकसभा चुनाव के मध्यनजर झांसा व इस्माईलाबाद एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व सीआरपीएफ की महिला टुकडी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 मई 2024 को प्रदेश में लोकसभा चुनाव होने निश्चित हुए हैं। जिसके सम्बन्ध में चुनाव की घोषणा के उपरांत हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है । इसे लेकर पूलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गउई है।

# छात्राओं को दी वोटर हेल्पलाइन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



जिला निर्वाचन कार्यालय के मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार मराठा ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार व चुनाव तहसीलदार सरला के मार्गदर्शन में प्रत्येक युवा तक पहुंचने के लिए कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों में स्वीप के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में योग्य प्रार्थियों की वोट बनवाने की जानकारी देने के साथ-साथ वोटर हेल्पलाईन का प्रयोग करने के बारे में जागरूक किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार मराठा बुधवार को राजकीय महिला महाविद्यालय पलवल के सभागार में जिला निर्वाचन कार्यालय के तत्वाधान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले कॉलेज की प्रिंसिपल डा. गगनदीप कौर, वाइस प्रिंसिपल डा. मीनाक्षी, जागरुकता अभियान के नोडल अधिकारी विनय, डा. राजा, डा. विरिन्द्र कौर, डा. कृष्ण, डा. पुनम बागी, डा. सीमा पांडे, प्रीति शर्मा, मनीषा, प्रीति, पूजा, डा. नविता व सुनील कुमार मराठा ने विधिवत रुप से जागरूकता शिविर का शुभारंभ किया।

# नंगली वाली कुटिया में शंख प्रक्षालन शुद्धि क्रिया 7 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र।

भारतीय योग संस्थान पंजीकृत की हरियाणा प्रांत इकाई के कृष्ण योग जिला, कुरुक्षेत्र द्वारा रेलवे रोड़ कुरुक्षेत्र स्थित नंगली वाली कुटिया में शंख प्रक्षालन क्रिया रविवार 7 अप्रैल को प्रातः 5:30 से 8:00 बजे तक करवाई जाएगी। शंख प्रक्षालन के पश्चात सभी साधकों को 15-20 मिनट का शवासन करवा कर देसी घी से तर खिचड़ी खिलाई जाएगी। इसके लिए सभी साधकों द्वारा सहयोग राशि मौके पर जमा करवाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि कोई भी साधक इस क्रिया में भाग ले सकता है। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए साधक समय पर पहुंचें। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि यहां शंख का अर्थ है पेट या आंतें और प्रक्षालन का अर्थ है धोना । इस क्रिया से अंतःवाहिनी नली कंठ से गुदा तक शुद्ध हो जाती है

# भारतीय संस्कृति का उत्थान व विकास संस्कृत भाषा में निहित: प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संस्कृत-पालि-प्राकृत विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में बुधवार को केयू सीनेट हॉल में हरियाणा संस्कृत गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह के सम्माननीय विद्वान प्रोफेसर भीम सिंह, कुवि के पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष तथा पूर्व अधिष्ठाता प्राच्य विद्या संकाय एवं महाविद्यालय थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने प्रो. भीम सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणास्पद है। भारतीय संस्कृति का उत्थान व विकास संस्कृत भाषा में निहित है। मुख्य वक्ता प्रो मान सिंह, पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष तथा पूर्व अधिष्ठाता प्राच्य विद्या संकाय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने प्रो भीम सिंह के महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और संस्कृत क्षेत्र मे उनके योगदान के लिए उन्हें आधुनिक संस्कृत मनीषी कहा। वर्तमान संस्कृत जगत में अभिनव पतंजलि नाम से विख्यात प्रो. भीम सिंह ने इस सम्मान के लिए आयोजकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रमेश चंद्र भारद्वाज, कुलपति महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल ने की।

### कुरुक्षेत्र के लोग परिवार के सदस्य : सावित्री जिंदल

# राजेश सिंगला के निवास पर पहुंची पूर्व राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला के विष्णु कालोनी स्थित निवास स्थान पर हरियाणा की पूर्व मंत्री एवं देश की धनाढ्य महिला सावित्री जिंदल पहुंची। जिनका नगर की विभिन्न संस्थाओं सहित विद्वान पंडितों तथा ब्रह्मचारियों ने मंत्रोच्चारण के साथ तथा पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। इस मौके पर उनके साथ थानेसर नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा एवं राज्य मंत्री सुभाष सुधा की धर्मपत्नी उमा सुधा भी मौजूद रही। पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल कुरुक्षेत्र के लोगों का प्यार एवं भव्य स्वागत देखकर भाव विभोर हो उठी। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र के लोग तो उनके परिवार के सदस्य हैं जो उनके स्वर्गीय पति ओम प्रकाश जिंदल के समय से जिंदल परिवार जुड़े हुए हैं। उमा सुधा ने भी सावित्री जिंदल के प्रति अपना प्रेम एवं लगाव जाहिर करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र मां आई हैं। इस मौके पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, हरियाणा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री कुरुक्षेत्र चैप्टर के अध्यक्ष डा. नरेन्द्र पाल गुप्ता, अग्रवाल वैश्य समाज कुरुक्षेत्र की युवा इकाई के जिलाध्यक्ष गौरव तायल व कला सृष्टि के अध्यक्ष बृज शर्मा सहित अनेक संस्थाओं ने सावित्री जिंदल का स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर नरेश सिंगला, रेणू सिंगला, मंजू सिंगला, शकुन्तला देवी, डा. श्रेया अग्रवाल, नेहा गुप्ता, पवन गर्ग, आर.डी. गोयल, विपिन जिन्दल, राजन जिन्दल, विजय गर्ग, मुकेश मित्तल, भूपेश गुप्ता, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय मंत्री खरैती लाल सिंगला, विपिन अग्रवाल, अजय गोयल बबलू, बी.बी. जिन्दल, निशी गुप्ता, सौरभ चौधरी, अंशुल बंसल, संजय बंसल, विपिन गर्ग, विनोद गर्ग, शशि मित्तल, रोशन लाल बंसल, विनोद अग्रवाल, उमेश बंसल, टेक सिंह लोहार माजरा, सुशील कंसल, अशोक गर्ग,कपिल मित्तल, बिमला मित्तल, डा. विकास मौदगिल, डा. अनिल त्यागी, डा. गुरप्रीत सिंह, लोकेश धवन, मीनू गर्ग, श्रीकान्त, हर्ष तायल व संतोष कंसल इत्यादि भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### शांति भंग करने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब पीने व आम नागरिकों की शान्ति भंग करने के मामले में पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार को काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी राजेश कुमार नशे में धुत होकर आम नागरिकों की शांति भंग करने का प्रयास कर रहा है। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी को काबू किया है।

### आरोपी को किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी पंकज को शामिल जांच किया है। गांव गधौली के अनिल कुमार ने 28 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि परीलोक पैलेस के पास आरोपी वाहन चालक ने लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाते हुए उसकी मोटरसाईकिल में टक्कर मार कर घायल कर दिया। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### पुलिस ने तीसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर में दर्ज ईंट से हमला करने व जान से मारने की नीयत से बंदूक से फायर करने के मामले में आरोपी विशाल को गिरफ्तार किया है। 4 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रोहित उर्फ गुल्लु, गौतम उर्फ गुडडू व अन्य ने उसके घर पर ईंट से हमला करके तथा जान से मारने की नीयत से बंदूक द्वारा फायर करके जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मामले में वांछित आरोपी विजय कुमार को पुलिस ने दोबारा काबू किया है। न्यायालय द्वारा आरोपी को पीओ घोषित किया गया था। अब उसे जेल भेज दिया गया है। दरअसल आरोपी के खिलाफ पहले दर्ज केस में वह सुनवाई में शामिल नहीं हो रहा था। इसी वजह से अदालत ने आरोपी को पीओ घोषित किया था।

### मंदिर आई महिला के गले से चैन तोड़ी

**जींद।** कालवन शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना करने आई महिला के गले से अज्ञात ने भीड़ का फायदा उठा कर सोने की चैन तोड़ ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ छीना झपटी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टोहाना निवासी दया राम ने पुलिस को बताया कि वह पत्नी के साथ गांव कालवन मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आया हुआ था।

### सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**कैथल।** दो अलग-अलग स्थानों सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। मामले में बाउपुर के कृष्ण ने चीका थाना में शिकायत दी कि दो को दोपहर के समय उसका 45 वर्षीय पिता दाना राम बाउपुर से चीका रोड पर जा रहा था। जब वह घग्गर पुल के नजदीक पहुंचा तो अज्ञात आॅटो चालक ने लापरवाही से आॅटो चलाते हुए उसके पिता को टक्कर मार दी।

## ड्रॉपआउट छात्रों का फिर से दाखिला करने के आदेश

# मौलिक शिक्षा अधिकारी ने तीन स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

**सभी स्कूल मुखियाओं को ड्रॉपआउट बच्चों की सूची का अवलोकन करने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। मिड डे मील जांचते डीईओ सुधीर कालड़ा।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बब्याल (कन्या), राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बब्याल तथा राजकीय उच्च विद्यालय छबियाना का औचक निरीक्षण किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बब्याल (कन्या) की छात्रा उमंग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित तलवारबाजी प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करने पर छात्रा को सम्मानित किया व आशीर्वाद देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कालड़ा ने अन्य खेल प्रतियोगिताओ में भी राज्य स्तर पर भाग लेने वाली छात्राओं को शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शारीरिक शिक्षा की अध्यापिका प्रियंका शर्मा की छात्राओं को खेल जगत से जोड़ कर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करने व विद्यालय में बने स्पोर्ट्स रूम में खेलों से संबंधित सामान का जायजा लेते हुए सामान की उपयोगिता का अवलोकन किया। विद्यालय के गणित के अध्यापक राजीव गौतम की विद्यालय के विकास के लिए समुदाय को जोड़ कर विद्यालय में निर्माण कार्य करवाने के लिए प्रशंसा की। कक्षा छठी व नवी कक्षा में दाखिला लेने के लिए आए छात्रों से भी कालड़ा ने वार्तालाप की व अध्यापकों द्वारा कक्षा में दाखिले से संबंधित जानकारी लेते हुए एमआईएस पोर्टल पर उसका मिलान किया। मिलान सही होने पर उन्होंने अध्यापकों की सराहना की। तत्पश्चात सुधीर कालड़ा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बब्याल व राजकीय उच्च विद्यालय छबियाना का निरीक्षण किया गया। वहां भी उन्होंने अध्यापकों द्वारा किए गए दाखिलो, दाखिल हुए बच्चे व अगली कक्षा में स्थानांतरित हुए छात्रों के एमआईएस पोर्टल पर भरने से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कालड़ा ने तीनों विद्यालय मुखियाओं को बताया कि प्रत्येक स्कूल के एमआईएस पर ड्रॉपआउट बच्चों की सूची डली हुई है। स्कूल मुखिया उस सूची का अवलोकन करें और उन बच्चों को स्कूल में दाखिल कर पोर्टल पर अपडेट करें।

### 53 बच्चे मिले ड्रॉपआउट

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बब्याल की निरिक्षण के दौरान पाया गया कि स्कूल के पोर्टल पर 53 बच्चे ड्रॉपआउट हैं। उन्होंने इस विषय पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान माननीय जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने मिड डे मील में साफ-सफाई व्यवस्था, राशन, दूध के पैकेट्स पर एक्सपायरी डेट व मिड डे मील की चख कर जांच की व इसके साथ ही किचन गार्डन का भी मुआयना किया व सब कुछ संतोषजनक मिलने पर अध्यापकों की प्रशंसा की।

## वालिया क्लीनिक में हथियारबंद युवकों ने किया हमला

# तोड़फोड़ करने के बाद हेलपर व चिकित्सक को दी धमकी

- पुलिस ने एक दर्जन हथियारबंद युवकों के खिलाफ दर्ज किया केस, रंजिश को लेकर हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

हथियारों सहित क्लीनिक में घुसकर तोड़ फोड़ करने, दरवाजा तोड़ने का प्रयास करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने लगभग एक दर्जन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। वालिया क्योर क्लिनिक में हेल्पर के तौर पर कार्य करने वाले राजबीर ने कहा है कि वह पिछले 6 वर्षों से वहां काम कर रहा है। मंगलवार की सुबह वह अपने क्लिनिक में सुबह 9 बजे पहुंचा तो मरीजों की काफी भीड़ थी। तभी 10-12 लड़के नंगी तलवारों व अन्य हथियार, लोहे की रॉड तथा गंडासी लेकर क्लिनिक में गालियां देते हुए दाखिल हुए। क्लिनिक में घुस कर तोड़ फोड़ शुरू कर दी। तभी क्लीनिक के मालिक डॉ. वालिया व उनकी पत्नी एकदम उठकर आए। उन्होंने उसे अंदर कमरे में बंद कर दिया। तभी उन लोगों ने दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। डॉक्टर को भी गाली गलौच करते हुए उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया। इस घटना से मरीजों में अफरा तफरी मच गई। हमलावर हथियारों को लहराते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार होगए। शिकायतकर्ता ने कहा कि एक दिन पूर्व उसके गांव के ही एक युवक के साथ उसकी कुछ कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश के चलते आरोपी युवक अपने साथियों के साथ मारपीट करने आया था। पुलिस ने राजबीर की शिकायत पर लगभग एक दर्जन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# मंडियों के साथ आढ़तियों के कारोबार को तबाह करने की साजिश रच रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़


नारायणगढ़। आढ़तियों को संबोधित करते कामरेड सतीश सेठी।

आढ़तियों ने तीसरे दिन भी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आढ़ती सरकार के के सामने एमएसपी की दर पर सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली फसलों को उनके के माध्यम से खरीदने तथा उन पर अढ़ाई प्रतिशत कमीशन देने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मार्केट कमेटी के कार्यालय के समक्ष दिए जा रहे इस धरने पर बैठे सभी आढ़तियों को समर्थन देने के लिए सीटू नेता सतीश सेठी व रमेश कुमार भी मौका पर पहुंचे। सेठी ने भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की तरफ से आढ़तियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार मंडियों को खत्म करने की साजिश रच रही है। इसलिए रोजी रोटी पर हमला करने वालों को लोकसभा चुनावों में सबक सिखाना जरूरी हो गया है। कामरेड सेठी ने कहा कि पहले भी 3 काले कृषि कानूनों के माध्यम से सरकार ने मंडियों को भी खत्म करने की कोशिश की थी। जिसको किसान, मजदूर व आढ़तियों ने मिलकर विफल कर दिया था। अब फिर आढ़तियों को निशाना बनाते हुए उनको गेंहू व धान की फसल खरीद पर मिलने वाली कमीशन अढ़ाई प्रतिशत से कम कर दी है। उन्होंने कहा कि इस तरह कदमों के चलते आढ़ती के पास जब आय के साधन नहीं होंगे तो वह अपने परिवार के गुजारे के लिए दूसरा कारोबार करने पर मजबूर होगा। इसका सीधा असर किसान, मंडी मजदूरों व आढ़तियों की दुकानों पर लगे मुनीमों के साथ-साथ खाद बीज व दवाई आदि का काम करने वाले दुकानदारों पर पड़ना निश्चित है।

# गैस सिलेंडर लेने आई महिला से छेड़छाड़

- बुजुर्ग पर लगाए आरोप, शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना


मुलाना। घटनाक्रम की जानकारी देते परिजन।

डुलियाना गांव में गैस सिलेंडर लेने आई महिला से एक व्यक्ति द्वारा छेड़खानी किये जाने का मामला सामने आया है। महिला का कहना है कि आरोपी ने उसे बालों से खींचा और उस के साथ जबरन गलत करने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने उसे उस व्यक्ति के चंगुल से छुड़वाया। पीड़िता का कहना है कि उस के बाद उन्होंने पुलिस को डायल 112 को सूचना दी। पुलिस उस आरोपी व्यक्ति को लेकर थाने आईइसके बाद वह महिला भी अपने परिवार के लोगों व कुछ ग्रामीणों के साथ थाने पहुंची। महिला व उसके परिजनों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। परिजनों ने कहा कि अगर उन्हें इंसाफ नहीं मिला तो वह उच्च अधिकारियों के पास जाएंगे। उन्होंने जल्द ही डीएसपी व एसपी से भी मुलाकात करने की बात कही है। गांव के रहने वाले रविंद्र कुमार ने कहा कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। वह एक ईंट भट्ठे पर रेहड़ा चलाने का काम करता है। बुधवार को उस की 34 वर्षीय पत्नी गांव में आई आई गाड़ी से सिलेंडर लेने गई थी। तभी वहां डेरे में रहने वाला एक 60 वर्षीय व्यक्ति ने उसकी पत्नी का गलत नियत से पकड़ लिया। उसके बाल खिंचे और उस के साथ गलत करने का प्रयास करने लगा। वहां मौजूद कुछ लोगों ने उस की पत्नी को उस से छुड़वाया।

# युवा किसान नेता की गिरफ्तारी पर जताया विरोध

- पिता ने विदेशी फंडिंग के आरोप नकारे, कहा नवदीप 40 करोड़ का मालिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। मर्दों साहिब गुरुद्वारा में मीटिंग करते किसान।

- जय सिंह जलबेहड़ा ने ऐलान किया कि वह अपने बेटे की जमानत नहीं करवाएंगे

वाटर कैनन ब्वॉय के नाम से मशहूर नवदीप सिंह जलबेहड़ा की गिरफ्तारी के बाद अब किसान संगठनों ने विरोध का ऐलान किया है। उधर उसके पिता जय सिंह जलबेहड़ा ने ऐलान किया कि वह अपने बेटे की जमानत नहीं करवाएंगे। उन्होंने विदेशी फंडिंग के आरोपों को नकारते हुए कहा कि नवदीप 40 करोड़ का मालिक है। युवा किसान नेता की गिरफ्तारी के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा एवं किसान-मजदूर मोर्चा ने 7 को देशभर में केंद्र सरकार का पुतला फूंकने का निर्णय लिया है। इसके बाद 9 को शंभू बॉर्डर के पास रेलवे ट्रैक को अनिश्चितकाल के लिए जाम किया जाएगा। इसकी वजह से दिल्ली से पंजाब आने वाली काफी ट्रेनें प्रभावित होंगी। इसी सिलसिले में बुधवार को गुरुद्वारा श्री मर्दों साहिब में किसान संगठनों की मीटिंग हुई। इसमें ही विरोध की रणनीति बनाई गई। नवदीप के पिता जय सिंह जलबेहड़ा ने कहा है कि वह नवदीप की जमानत नहीं कराएंगे। चाहे सारी उम्र जेल में रहना पड़े। उसने कहा कि नवदीप बिना जमानत से रिहा होगा। विदेश से फंडिंग के आरोपों पर जय सिंह ने कहा कि 40 किल्ले का मालिक है नवदीप। एक किल्ले की कीमत एक करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि न किसी से फंडिंग कराई है और न कभी कराएंगे। न कभी एक रुपया खाते में आया है और न ही कभी आएगा। उन्होंने सवाल उठाया कि पुलिस बताए नवदीप ने किसके ऊपर कातिलाना हमला किया है? किसके साथ स्नेचिंग की है? संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) एवं किसान-मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 13 फरवरी से किसान आंदोलन चल रहा है। पुलिस ने कई किसान नेताओं को गिरफ्तार भी किया। किसानों का कहना है कि 10 फरवरी के बाद से हरियाणा में सैकड़ों किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनमें से 5 किसान नेता अब भी जेल में हैं। रविंदर सिंह और अमरजीत सिंह 13 फरवरी से, अनीश खटकड़ 19 मार्च से जींद जेल में बंद हैं। 28 मार्च को अंबाला पुलिस ने युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेहड़ा और गुरकीरत सिंह को गिरफ्तार किया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में नए शिक्षा सत्र का आगाज

- फूलमालाएं पहनाकर नए छात्रों का किया अभिनंदन
- हवन यज्ञ में सभी लोगों ने छात्रों के साथ डाली आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़


नारायणगढ़। हवनयज्ञ में भाग लेते विद्यार्थी।

बुधवार को डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में नए सत्र का शुभारंभ हवन से किया गया। इस उपलक्ष्य में स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. आरपी राठी की अध्यक्षता तथा चंद्रपाल शास्त्री के ब्रह्मत्व में छात्रों और अध्यापकों ने आहुतियां डाली। इस सुअवसर पर स्थानीय कमेटी के सदस्य जगमाल सिंह एवं देवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। प्राचार्य ने आगंतुकों का स्वागत फूल मालाएं पहनाकर किया। हवन का प्रारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा किया गया। सभी विद्यार्थियों ने सकारात्मक और शांत चित्त के साथ हवन में मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। प्राचार्य राठी ने विद्यार्थियों को गायत्री मंत्र का महत्व बताते हुए कहा कि डीएवी विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के साथ-साथ सशक्त चरित्र -निर्माण पर बल देते हुए कहा कि इस हवन से मन शुद्ध होता है और मंत्रों के उच्चारण से बच्चों की स्मरण शक्ति तीव्र होती है। उन्होंने विद्यार्थियों के नए सत्र में उनकी लक्ष्य प्राप्ति के लिए कामना की। आगंतुक चंद्रपाल शास्त्री जी ने विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं और कहा कि वैदिक यज्ञ द्वारा हम आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति कर सकते हैं। हवन करने से यजमानों को मानसिक व आध्यात्मिक शांति मिलती है और साधकों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं उन्होंने विद्यार्थियों को वेद मंत्र के जाप का महत्व भी बताया। प्रधानाचार्य ने सभी आगंतुकों को इस महायज्ञ में सम्मिलित होने के लिए धन्यवाद दिया। डीएवी प्रबंधक कमेटी के प्रधान पद्मश्री पूनम सूरी, चेयरमैन प्रीतम पाल, प्रबंधक डॉक्टर विवेक कोहली एआरओ डॉक्टर विकास कोहली ने विशेष रूप से शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ द्वारा किया गया। अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रसाद का वितरण किया गया।

# सिंघपुरा गांव में पशु चोरों का आतंक

- पुलिस ने खंगाली सीसी टीव फुटेज, ग्रामीणों में रोष
- पशुओं को गाड़ी में लाद ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सफीदों

सफीदों के निकटवर्ती गांव सिंघपुरा में देर रात्रि तीन स्थानों से पांच भैंस व दो कटड़ी चोरी होने का मामला सामने आया है। पशुओं को चोर गाड़ी में लादकर ले गए हैं। पशुओं की चोरी की इस घटना से गांव सिंघपुरा में हड़कंप है। मामले की सूचना सफीदों पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थलों का मुआयना किया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला है। पुलिस ने एक महिला शिकायतकर्त्ता की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार देर रात्रि गांव की संतोष अपने पशु बाड़े में दो भैंस व एक कटड़ी, उसकी पड़ोसन बिमला दो भैंस व गुरदीप एक भैस व एक कटड़ी बांधकर अपने-अपने घरों में जाकर सो गए थे। रात में अज्ञात चोरों ने उनके पशुबाड़ों में सेंध लगाकर वहां पर बंधे पशुओं को उनकी बेल खोलकर गाड़ियों में लादकर ले गए। इस घटना का उस वक्त पता चला जब पशुपालक सुबह अपने-अपने बाड़ों में पशुओं का दूध निकालने के लिए गए थे लेकिन उनके होश उस वक्त उड़ गए, जब उन्होंने पाया कि उनके बाड़ों से पशु नदारद हैं। इस बात की सूचना पूरे गांव में आग की तरह से फैल गई और मौके पर काफी तादाद में ग्रामीण जमा हो गए। मामले की सूचना सफीदों पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनाक्रम का जायजा लिया और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। ग्रामीणों का कहना था कि यह घटना रात लगभग करीब एक बजे की है। उस समय गलियों में कुत्ते भी अधिक भौंक रहे थे लेकिन उन्हे यह अनुमान नहीं था कि उनकी पशुओं की इस प्रकार से चोरी हो जाएगी। पशुपालकों का कहना था कि इस घटना से उनको लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों का यह भी कहना था कि कल उनके गांव में कुछ पशुओं के खरीददार भी आए थे और हो सकता है उनके पशुओं की पहले से रेकी करके इस घटना को अंजाम दिया गया हो। बहरहाल पुलिस ने महिला संतोष की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सूने पड़े घर से कैश, गहने व एसी चोरी

**बराड़ा।** सूने पड़े घर से डेढ़ लाख की नकदी व गहने चोरी हो गए। मालिक हरप्रीत सिंह ने पुलिस को बताया कि 27 मार्च को वह अपने घर को बंद करके अपने परिवार के साथ करनाल रिश्तेदारी में गया था। उनके पड़ोसी ने उनको फोन कर बताया कि आपके घर का दरवाजा खुला पड़ा है। सूचना पाकर वह वापिस लौटा तो देखा कि घर का दरवाजा खुला है, ताला टूटा हुआ है। मकान की खिड़कियां भी टूटी हुई मिली और सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान मालिक ने जब सामान को चेक किया तो पाया कि घर से डेढ़ लाख कैश, पुरानी 3 जोड़ी पायल, डेढ़ टन का एसी गायब मिला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
आॅफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## अंबाला छावनी में केवल दो जगह होंगे सियासी जलसे

# लोकसभा उम्मीदवार छह जगह कर पाएंगे रैलियां

- प्रशासन की ओर से रैलियों के लिए पूरे जिले में स्थान निर्धारित किए, होर्डिंग भी तय जगह ही लगा सकेंगे उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों को रैली करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्थान निर्धारित किए गए हैं। इन स्थानों पर ही रैलियों का आयोजन किया जा सकेगा। प्रत्याशियों को इन रैलियों के लिए ऑनलाइन अनुमति लेनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि रैली के लिए सैक्टर 8 व 9 के हुडा ग्राउंड अंबाला शहर, पुरानी अनाज मंडी अंबाला शहर, पुलिस लाइन ग्राउंड अंबाला शहर, दशहरा ग्राउंड बलदेवनगर, रामबाग ग्राउंड पुराना सिविल अस्पताल के सामने, नई सब्जी मंडी जीटी रोड अंबाला शहर निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार अंबाला छावनी में अंबाला-जगाधरी रोड पर गांधी मैदान व दशहरा मैदान राम बाग रोड निर्धारित किया गया है। नारायणगढ़ में सामुदायिक हाल मनु माजरा, पंचायत घर खानपुर लबाणा, सामुदायिक केंद्र मैदान डेहर, कम्युनिटी हाल गनौली, ओल्ड पंचायत घर गनौली, सामुदायिक केन्द्र मिर्जापुर, सामुदायिक हाल नगांवा, पंचायत घर बख्शुआ, कम्युनिटी हाल अंधेरी, आरजीएसके बेरखेड़ी, गुगा माडी हसनपुर, बीसी चौपाल रूलदू चाणसोली, बुढ़ाखेड़ा बस स्टैंड के पास खाली मैदान, महाराणा प्रताप भवन बधौली, जनरल चौपाल फतेहपुर-126, एससी चौपाल शकरपुरा, न्यू रामलीला ग्राउंड नारायणगढ़ (पुरानी सब्जी मंडी), ग्राउंड नियर सरकारी कालेज नारायणगढ़ निर्धारित किए गए हैं।

### ये एरिया हैं शामिल

अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में जगाधरी चौक से आर्य चौक रोड़ इलाहाबाद बैंक के पार्किंग एरिया के सामने, टीबी अस्पताल के सामने, पुराना दिल्ली रोड़ पर ग्लैक्सी मॉल के सामने पार्किंग एरिया, प्रेम नगर मार्केट पार्किंग एरिया, विकास विहार मार्केट पार्किंग एरिया, हिसार रोड पर होलसेल टैक्सटाईल मार्किट, अग्रसेन चौक के नजदीक पार्किंग एरिया, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्री कार्यालय के आगे पेट्रोल पम्प, मानव चौक से सैक्टर 8,9,10 रोड़ पर हाउसिंग बोर्ड मार्किट पार्किंग एरिया सैक्टर 8, कर्ण पैलेस के सामने हुडा मैदान, सैक्टर 21 कमर्शिलय बैल्ट ग्रेटर कैलाश कालोनी पार्किंग एरिया, रेलवे रोड से बस स्टैंड रोड पर सिंगला शूज के सामने पार्किंग एरिया, बलदेव नगर से कालका चौक कनैक्टिंग रोड़, वीटा मिल्क प्लांट की बाहरी बाउंड्री वाल, कम्यूनिटी सेंटर सैक्टर 8, काउंटिग सेंटर सैक्टर 10, सेक्टर 9 मार्केट व सैक्टर 10 मार्किट एरिया शामिल है। अंबाला छावनी क्षेत्र में जगाधरी रोड़ पर गांधी मैदान स्थित खाली भूमि पर मेन रोड़ से 15 मीटर की दूरी पर, स्टाफ रोड़ पर स्टेट सेंट्रल लाइब्रेरी से एनएसआईसी बिल्डिंग के बीच में, रेलवे रोड पर पुराना बस स्टैंड पार्किंग एरिया, बस स्टैंड रोड पर होटल बतरा के नजदीक खाली जगह पर, बैंक रोड़ पर परी होटल के सामने, महेशनगर में गुरू गोबिन्द सिंह चौक के नजदीक, नजदीक ग्रैंड पैलेस महेश नगर, दशहरा ग्राउंड, कैपिटल सिनेमा के सामने लोरेंस रोड़, अंबाला कमर्शियल कॉम्पलेक्स पार्किंग एरिया, कॉर्नर ऑफ सप्लाई डिपू नजदीक गुडगुडिया नाला, ओल्ड मामा भांजा पीर नजदीक गुडगुडिया नाला, तोपखाना बाजार चौक नजदीक आकाशा गंगा सामुदायिक केंद्र, तोपखाना बाजार चौक (कैंटोनमेंट बोर्ड डिस्पेंसरी चौक), कॉर्नर ऑफ माल रोड़ सैनिक रेस्ट हाउस के बाहर, सैनिक रेस्ट हाउस के सामने, सेना भर्ती मुख्यालय के बाहर लगाए जा सकते हैं।